पंचकल्याणक नगर में सातवें दिन मोक्ष कल्याणक एवं गजरथ महोत्सव संपन्न

# गजरथ महोत्सव विश्व शांति का महायज्ञ है

**विश्व शांति महायज्ञ पूर्ण आहुति, गजरथ 7 फेरी संपन्न**

**छपारा नवभारत।** नगर के तकिया वार्ड के सुभाष ग्राउंड पर विगत 14 जनवरी से प्रारंभ हुआ गजरथ महामहोत्सव का 20 जनवरी को विधिवत पूजा अर्चना कर गजरथ 7 फेरी अभिषेक आभार प्रदर्शन प्रवचन पश्चात् श्री जी का बिहार वेदी प्रतिष्ठा श्री जी स्थापना कलशा रोहण ध्वजारोहण पूजन आदि विधियों एवं सामारोह में पहुंचे हजारों की संख्या में नगर वासियों सहित क्षेत्रीय जनों को आयोजित भोज में भोजन प्रसादी वितरण के साथ संपन्न किया गया एक सप्ताह तक आयोजित भव्य समारोह के आयोजन में सभी जनप्रतिनिधियों, नगरवासियों एवं क्षेत्रीय वासियों सहित पुलिस, नगर परिषद एवं अन्य विभागों का भरपूर सहयोग प्रदान करने के आभार व्यक्त किया गया वहीं पूरा बिता सप्ताह नगर में त्यौहार की भांति कब निकल गया पता ही नहीं लगा अपने प्रवचन में मंगलवार को कार्यक्रम के अंतिम दिवस मुनि श्री 105 नीरज सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 105 निर्मदसागर जी महाराज द्वारा विशाल संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं को अपने संबोधन में कहा कि यह अनुष्ठान किसी विशेष जाति वर्ग या समुदाय का नहीं वरन विश्व शांति का महायज्ञ है जो सभी के किसी न किसी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मिले सहयोग प्रदान करने से सफलतापूर्वक पूरा हुआ। प्रतिदिन की तरह 20 जनवरी को प्रातः पात्र शुद्ध अभिषेक शांति धारा नित्य पूजन जन्मकल्याणक पूजन शांति हवन आचार्य श्री जी पूजन एवं आशीर्वचन विश्व शांति महायज्ञ पूर्णाहुति हवन विसर्जन दोपहर 2.15 गजरथ सात फेरी अभिषेक संपन्न हुआ।





**ध्वजारोहण पूजन**

आभार प्रदर्शन प्रवचन पश्चात श्री जी का विहार वेदी प्रतिष्ठा श्रीजी स्थापना कलश रोहण ध्वजारोहण पूजन किया गया। गजरथ महामहोत्सव में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन एवं क्षेत्रीय व केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। इस गजरथ महामहोत्सव के आखिरी दिन लोगों का ऐसा जनसैलाब उमड़ा की आयोजन स्थल पर पैर रखने की जगह भी कम पड़ रही थी।



## शंकराचार्य स्वामी सदानंद का दो दिवसीय प्रवास

**सिवनी नवभारत। शंकराचार्य जी का दो दिवसीय सिवनी प्रवास जिले के धार्मिक इतिहास में एक निर्णायक और स्मरणीय क्षण के रूप में देखा जा रहा है। शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती 20 जनवरी की रात्रि को संतोष सहज आश्रम, सिवनी पहुंचेंगे, जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे।**

21 और 22 जनवरी को शंकराचार्य जी आयोजन समितियों की बैठकों में भाग लेकर द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियों एवं धार्मिक अनुष्ठानों का प्रत्यक्ष मार्गदर्शन करेंगे। इसी क्रम में पूज्य शंकराचार्य जी आयोजन को और अधिक भव्यता प्रदान करने के उद्देश्य से 21 जनवरी को प्रातः 11 बजे मातृशक्ति की विशेष बैठक लेंगे, जिसमें वे मातृशक्ति के सुझाव प्राप्त कर आशीर्वाद प्रदान करेंगे। वहीं 22 जनवरी को प्रातः 11 बजे शंकराचार्य जी समस्त शिष्यों एवं श्रद्धालुओं की बैठक लेकर आयोजन से संबंधित दिशा-निर्देश देंगे। पूज्य शंकराचार्य जी के आगमन को लेकर सिवनी सहित पूरे अंचल में धार्मिक चेतना और उत्साह का वातावरण बन गया है। श्रद्धालुओं एवं संत समाज में उनके दर्शन और मार्गदर्शन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

सीलादेही स्थित शंकराचार्य आश्रम परिसर में 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाला द्वारकाधीश मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव राष्ट्रीय स्तर का भव्य एवं दिव्य धार्मिक आयोजन होगा, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से संत-महात्मा, धर्माचार्य, विद्वान एवं विशिष्ट अतिथियों का आगमन प्रस्तावित है। आयोजन को सनातन संस्कृति, आध्यात्मिक अनुशासन एवं भारतीय दर्शन की गरिमा से जोड़ते हुए भव्य स्वरूप प्रदान किया जा रहा है।

आयोजन समिति के अनुसार शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की धार्मिक शुद्धता, वैदिक विधि-विधान, आयोजन की समय-सीमा एवं अनुशासन को लेकर प्रत्यक्ष दिशा-निर्देश देंगे, जिससे यह आयोजन केवल भव्य नहीं बल्कि शास्त्रसम्मत एवं आध्यात्मिक रूप से सिद्ध बनेगा।

समिति ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस महोत्सव की सफलता में जनसहभागिता की भूमिका निर्णायक होगी और जिलेभर से श्रद्धालुओं, सामाजिक संगठनों एवं आयोजन समिति स्वयंसेवकों की व्यापक सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। 21 फरवरी से प्रारंभ होकर 28 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव के दौरान वैदिक प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान, श्रीमद् भागवत कथा, विशाल धार्मिक मेला एवं प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर तथा विशाल भंडारा होगा।

### मुख्यमंत्री आदित्यनाथ के ऊपर एफआईआर की मांग

**सिवनी नवभारत।** धूमा में शंकराचार्य शिष्य मण्डल ने महामहीम राष्ट्रपति, राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपा माघ मेला में सनातन धर्म के ध्वजावाहक जगदगुरूशंकराचार्य स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरनंद, सरस्वती जी महाराज जी के साथ मौनी अमावस्या के दिन उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रीण आदित्यनाथ के इशारे पर मौनी स्नान शंकराचार्य जी न कर सकें इस षड़यंत्र को रचते हये वहा के कमिश्नर, कलेक्टर, एस.पी, एवं अन्यकर्मचारियों के द्वारा शंकराचार्य जी की पालकी को रोका गया एवं उनके साथ जो शिष्य बटुक ब्राम्हण दण्डी स्वामी ब्रम्हचारी सान्यसी बुजूर्ग महिलाओ के साथ पुलिस ने धक्का मुक्की की एवं अस्थायी थाने में ले जाकर मारपीट की गई। जो कि दैनिक भास्कर, के विडियों में स्पष्ट दिख रहा है। महामहिम राष्ट्रपति के नाम धूमा थाना प्रभारी को आबेदन में उत्तरप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री एवं उच्चधिकारियों और माघ मेला के घटना स्थल में जो कर्मचारी तैनात थे उन कर्मचारियों के विरूद्ध एफ,आई.आर.दर्ज करवाने शंकराचार्य शिष्य मंडल धूमा ने महामहिम राष्ट्रपति से आग्रह किया।



**एक नजर में**

### हल्दी कुमकुम कार्यक्रम आयोजित



**सिवनी।** जब सूर्य भगवान दक्षिणायन से उत्तरायण में प्रवेश करते हैं तो मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाता है। सुख और सौभाग्य का प्रतीक हल्दी कुंकुम एक पारंपरिक भारतीय रस्म है, जो संक्रांति पर किया जाता है।जिसमें विवाहित महिलाएँ एक दूसरे को हल्दी कुंकुम लगाकर चूड़ी बिंदी या अन्य उपहार देकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना के साथ यह पर्व मनाती हैं। अंतरराष्ट्रीय क्षत्रिय वीरांगनाओं ने हल्दी कुंकुम का आयोजन स्नेह और उल्लास के साथ मनाया।इसमें सविता गौतम, खुशाली चौहान, वीणा राजपूत जी सुशीला चौहान जी शोभा राजपूत जी मीना चौहान जी आकांक्षा सेंगर, श्रद्धा चौहान, शिवानी सक्रवार, बीना सिंह, सपना गौतम, स्वर्णा राजपूत, श्रद्धा राजपूत, मीताली चौहान, प्रीती सेंगर, बिंदु जी, शांति जी उपस्थित रहीं।

### नेत्र रोगियों का नि:शुल्क परीक्षण 21 को

**सिवनी।** नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति द्वारा रजवाड़ा लॉन में नेत्र रोगियों का परीक्षण तथा मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु विशाल नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन 21 जनवरी को किया जा रहा है. यह शीतकाल का मौसम ऑपरेशन की दृष्टी से हेल्दी सीजन माना जाता है अत: बुधवार 21 जनवरी को अधिक से अधिक नेत्र रोगियों को जिन्हें मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाना हो वे सुबह 10 बजे लुघरवाड़ा स्थित रजवाड़ा लॉन पहुँचे, यहाँ देवाजी नेत्रालय जबलपुर के अनुभवी चिकित्सको द्वारा नेत्र रोगियों का परीक्षण किया जावेगा उसमें से जिन मरीजो को मोतियाबिंद और काँचबिंदु के ऑपरेशन किये जाना होगा उन मरीजो संस्था के विशेष वाहन द्वारा जबलपुर ले जाया जावेगा और अगले दिन ऑपरेशन कर तीसरे दिन उसी विशेष वाहन द्वारा मरीज को सिवनी वापस लाकर छोड़ा जावेगा, यह प्रक्रिया पूरी तरह नि:शुल्क है, मोतियबिन्द से पीड़ित हर कोई भी मरीज इस शिविर का लाभ उठा सकता है, मरीज को अपने साथ आधार कार्ड की एक फ़ोटो कॉपी अपने साथ अनिवार्य रूप से लाना होगा। नगर की सेवाभावी संस्थाऐ सक्षम भारत और श्री रामदल समिति के मनीष अग्रवाल और ओमप्रकाश अग्रवाल ने बताया कि बीते 09 वर्षो से यह नि:शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें प्रत्येक माह की 21 तारीख को यह नि:शुल्क नेत्र शिविर रजवाड़ा लॉन में आयोजित किया जा रहा है।

### विद्यार्थियों ने पुलिस कंट्रोल रूम सिवनी का भ्रमण किया

**सिवनी।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के नवाचार सम्मान व सृजन अभियान गतिविधि अंतर्गत पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के निर्देशन में कंट्रोल रूम प्रभारी निरीक्षक ओमेश्वर ठाकरे द्वारा शासकीय विधि महाविद्यालय सिवनी के विद्यार्थियों को भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को पुलिस के नवाचार व वर्तमान कार्यशैली, तकनीक, विभागीय संगठन व पदसोपन, ऑफिसर रैंक की विस्तृत जानकारी दी गई।

## हमारे धर्म ग्रंथों में जाति जैसी व्यवस्था का कोई उल्लेख नहीं : राजेंद्र प्रसाद

**सिवनी नवभारत।** हमारे धर्म ग्रंथो में जाति जैसी कोई व्यवस्था का उल्लेख नहीं है। हिंदुत्व एक जीवन पद्धति है जो शाश्वत है। सनातन सबकी भलाई और कल्याण का वाहक है।

प्रत्येक प्राणी का दूसरे प्राणियों से अटूट संबंध है। सत्य एक ही है जिसे बुद्धिमान लोग अनेक प्रकार से कहते हैं। लक्ष्य एक है पहुंचने के मार्ग अनेक है। हमारी पूजा पद्धति अलग-अलग हो सकती है लेकिन हम सब सनातनी एक हैं। उक्त आशय के विचार पंडित राजेंद्र प्रसाद पांडे द्वारा राजपूत कॉलोनी शिव शक्ति मंदिर परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन के अवसर पर उपस्थित सनातनी जन समुदाय के समक्ष व्यक्त गए। उन्होंने आगे कहा कि हजारों वर्षों के अनेक कुचक्रों और आक्रमणों के बाद भी यदि हमारी संस्कृति सुरक्षित है तो उसका कारण हमारी प्राचीन परंपराओं ने हमारी संस्कृति को बचाकर रखा है। कार्यक्रम का शुभारंभ गौ माता तुलसी माता भारत माता एवं कन्या पूजन के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित मातृशक्ति वक्ता के रूप में बालाघाट से पधारी समाज सेवी और शिक्षाविद श्रीमती लता ऐलकर ने सनातन धर्म के अवतारवाद की तुलना डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत से करते हुए इस बात को सिद्ध किया की सनातन एक वैज्ञानिक धर्म है और यह विज्ञान के साथ कदम मिलाकर चलता है।

उन्होंने प्रकृति के संरक्षण और संवर्धन के लिए पानी बचाने, पेड़ लगाने और प्लास्टिक का उपयोग बंद करने का आवाहन भी किया।

उन्होंने नारी के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि वह परिवार को संस्कारित करने एवं उसकी सुरक्षा की भी धुरी है।वह लक्ष्मी है, सरस्वती है और दुर्गा भी है।उन्होंने एक आदर्श हिंदू परिवार को गढ़ने में माता की भूमिका की विस्तार से चर्चा किया।उन्होंने मातृशक्ति से आवाहन किया कि भाषा और वेशभूषा की मर्यादा, स्वदेशी जीवन शैली, भोजन, भजन, भवन और भ्रमण के माध्यम से परिवार को संगठित और संस्कारित करे। बच्चों को घरों पर अपनी मूलभूत पूजा पद्धति से अवगत कराना भी माता की ही जिम्मेदारी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सहकार्यवाह श्री विक्रांत साकुरे ने संघ निर्माण की पृष्ठभूमि और हिंदुओं के संगठन और राष्ट्र निर्माण में संघ की भूमिका पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर गीता रामायण प्रचारक संस्थान नर्मदा पुरम के संस्थापक जगदीश प्रसाद मालवीय द्वारा भी हिंदुत्व पर अपने विचार रखे गए। उन्होंने कहा कि हिंदुओं को संगठित होना आज की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में आमगांव से आए शैला नृत्य पार्टी एवं सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा प्रेरणादायक संस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी दी गई। इस अवसर पर स्थानीय गायिका श्रीमती श्रद्धा साहू द्वारा अपनी मधुर आवाज में देश भक्ति गीत जहां डाल डाल में सोने की... प्रस्तुति के माध्यम से सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। वंदे मातरम एवं भारत माता की सामूहिक आरती के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। तत्पश्चात महा प्रसाद के रूप में सह भोज का आयोजन किया गया जिसमें समरसता के साथ आयोजन क्षेत्र के समस्त परिवारों ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। आयोजन समिति संयोजक श्री दिलीप नेमा सहसंयोजक श्री कन्हैया नाविक, संरक्षक श्री अरविंद गर्वे एवं महिला संयोजिका श्रीमती सीमा गौर द्वारा सभी के सहयोग के लिए आभार जताया।

### विशिष्ट योगदान देने वाले नागरिकों का किया गया सम्मान

कार्यक्रम में देश और समाज के लिए अपना योगदान देने वाले स्थानीय नागरिकों का भी सम्मान किया गया। एयरफोर्स में मास्टर वारंट ऑफिसर के रूप में अपनी सेवाएं प्रदान कर सेवानिवृत होने वाले श्री देवेंद्र वर्मा जी, खेल में राष्ट्रीय हॉकी अंपायर के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे एवं हाल ही में थाईलैंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में एक गोल्ड एवं एक रजत पदक हासिल करने वाले शिक्षक श्री देवेंद्र ठाकुर जी एवं सिवनी में आयोजित राज्य स्तरीय बॉक्सिंग चैंपियन में रजत पदक हासिल करने वाली कु.अवनी अरुण चौरसिया को भी आयोजन समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

## धनौरा में होगी रॉउन्ड रॉबिन लेदर बाल प्रतियोगिता

**धनौरा नवभारत।** पिछले 22 वर्षों से धनौरा में चली आ रही राउंड रॉबिन क्रिकेट प्रतियोगिता इस वर्ष पुन: 25 जनवरी से प्रारंभ होकर 4 फरवरी तक खेली जाएगी, प्रतियोगिता की संयोजक डॉक्टर नीलेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आदर्श क्रिकेट क्लब धनौरा के तत्वाधान में यह प्रतियोगिता कई वर्षो से लगातार आयोजित की जा रही है, जिसका उद्देश्य जिले के खिलाड़ियों को लेदर बॉल क्रिकेट खेलने के अवसर उपलब्ध करना होता है इस प्रतियोगिता की खासियत है कि इसमें खेलने के लिए किसी भी टीम से प्रतियोगिता शुल्क नहीं लिया जाता साथ ही सभी टीमों के रूकने एवं भोजन की व्यवस्था भी आयोजकों द्वारा की जाती है, आगे बताया गया कि प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों को स्थान दिया गया है जिसमें चार-चार टीमों के दो फूल बनाकर आपस में मैच खिलाए जाएंगे दो सर्वश्रेष्ठ टीमें फाइनल में अपना स्थान बनायेगीं जो 4 फरवरी को कुरनभटा रोड खेल मैदान धनौरा में खेला जाएगा, प्रतियोगिता मे प्रथम पुरस्कार 41000 रूपये द्वितिय पुरूस्कार 21000 सहित मैन आफ द सीरीज एवं अन्य व्यक्तिगत पुरूष्कार खिलाडियो को दिये जायेगें। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ नीलेश जैन ने बताया कि प्रतियोगिता में हमारे अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते, सिवनी विधायक मुनमुन राय, केवलारी विधायक रजनीश सिंह, बरघाट विधायक कमल मर्सकोले, लखनादौन विधायक योगेंद्र बाबा, भाजपा की जिला अध्यक्ष श्रीमति मीना बिसेन, एवं अनु.जन.जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तेकाम इस प्रतियोगिता में सिरकत करेंगे, प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम सिवनी, लखनादौन, घंसौर, धनौरा, आदेगांव, गोरखपुर, केवलारी, और ऊगली होगीं। प्रतियोगिता संबंधी जानकारी के लिए 798 7858 377 मैं संपर्क किया जा सकता है।

## सिद्धपीठ श्री ज्वाला देवी मंदिर में 124वां संगीतमय सुंदरकांड

**जैविक भोजन और शुद्ध पेयजल पर दिया गया सकारात्मक संदेश**

**सिवनी नवभारत।** सिद्धपीठ श्री ज्वाला देवी मंदिर, भैरोगंज में आयोजित 124वाँ साप्ताहिक संगीतमय सुंदरकांड एवं श्री हनुमान चालीसा पाठ माँ ज्वाला देवी एवं श्री हनुमान जी की असीम कृपा से अत्यंत भव्य, दिव्य एवं भक्तिमय वातावरण में सम्पन्न हुआ। यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित न रहकर समाज में सकारात्मक सोच, जागरूकता का संदेश देने वाला प्रेरणादायी केंद्र बनता जा रहा है।



**भक्ति, संगीत और साधना से सराबोर रहा वातावरण**

मंदिर परिसर भजन-कीर्तन, ढोल-मंजीरों की मधुर ध्वनि, शंखनाद एवं मंत्रोच्चार से गूंज उठा। श्रद्धालुओं की सामूहिक साधना, आस्था और अनुशासन ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों की एकसाथ सहभागिता ने आयोजन को और भी भावपूर्ण बना दिया।

इस साप्ताहिक आयोजन के अंतर्गत इस बार जैविक भोजन के स्वास्थ्य लाभ तथा शुद्ध पेयजल के विवेकपूर्ण उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा की गई। वक्ताओं ने बताया कि जैविक आहार न केवल शरीर को निरोगी बनाता है बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक है, वहीं शुद्ध जल का संयमित उपयोग आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है।

आज की विशेष यजमान श्रीमती शोभा सनोडिया परतापुर रोड, भैरोगंज रहे। यजमान द्वारा विधि-विधान से पूजा-अर्चना, दीप प्रज्वलन, पुष्पार्चन एवं आरती सम्पन्न कराई गई। पाठ उपरांत श्रद्धा भाव से सब्ज़ी-पूड़ी का भोग अर्पित किया गया, जिसे सभी श्रद्धालुओं ने प्रेमपूर्वक महाप्रसाद के रूप में ग्रहण किया। मंदिर समिति के सदस्यों एवं सेवाव्रतियों के समर्पित सहयोग से यह साप्ताहिक आयोजन निरंतर सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हो रहा है।

**आयोजन** ग्राम विकास पखवाड़ा के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय* ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम

## गांवों के विकास, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिकता पर दिया जोर

**बरघाट नवभारत।** विकासखण्ड बरघाट के शासकीय महाविद्यालय बरघाट में मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सफल कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय एवं स्वदेशी संकल्प कार्यक्रम के साथ विवेकानंद जयंती पखवाड़ा का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सामाजिक चेतना, राष्ट्रनिर्माण, युवाशक्ति के जागरण तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार को समर्पित रहा। कार्यक्रम में जन अभियान परिषद से जुड़े कार्यकर्ताओं, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं युवाओं की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में (पूर्व कलेक्टर )श्याम सिंह कुमरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक श्रीमति शोभना ठाकरे जी ने की तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में श्रीमती आभा जितेन्द्र राहंगडाले (जनपद अध्यक्ष बरघाट ), बी.एल . इनवाती प्राचार्य महाविद्यालय बरघाट,(बौद्धिक शिक्षण प्रमुख), राजेंद्र सिंह ठाकुर (पूर्व मंडल अध्यक्ष एवं संभागीय उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश श्रमजीवी पत्रकार संघ) हेमंत राहंगडाले (भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष) श्री परतें (जनपद पंचायत इंस्पेक्टर), धनीराम ठाकरे(दीनबंधु विकलांग नवांकुर संस्था प्रमुख) भारतलाल देशमुख (मां शक्ति संस्थान पखारा प्रमुख) तामसिंह राहंगडाले (ग्राम मंगल सशक्तिकरण संस्थान पोनार कलां), हिमांशु चौहान (प्रयत्न फाउंडेशन नवांकुर संस्था प्रमुख), नरेश राजपूत (ह्यूमन रिसोर्स फेडरेशन संस्था प्रमुख), श्रीमति राजपूत मैडम जी(गुरुकुल पब्लिक स्कूल संचालक)श्री जितेंद्र राहंगडाले (किसान संघ अध्यक्ष), सत्यांश भट्ट (युवा समाज सेवक),एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष और सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही।



कार्यक्रम का सफल संचालन मानेश्वर बिसेन परामर्शदाता ने किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के माध्यम से मां सरस्वती का पूजन व दीप प्रज्लन कर किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य एवं स्वागत भाषण विकासखंड समन्वयक शोभना ठाकरे द्वारा ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश कार्यक्रम का संपूर्ण उद्देश्य अतिथियों के समक्ष रखा एवं आगे होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी प्रदान की

कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामोदय से अभ्युदय मध्य प्रदेश की अवधारणा के माध्यम से गांवों के समग्र विकास, आत्मनिर्भरता एवं सामाजिक समरसता पर विशेष जोर दिया गया। मुख्य अतिथि श्याम सिंह कुमरे (पूर्व कलेक्टर) ने अपने उद्बोधन में कहा कि जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता बिना किसी वेतन के सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं, जो अत्यंत गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि ये कार्यकर्ता वास्तव में देश और समाज के सच्चे सेवक हैं, जो निस्वार्थ भाव से समाजहित में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने नशा मुक्ति के विषय पर भी विशेष बल देते हुए कहा कि नशा केवल शराब तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य प्रकार के नशे भी समाज को गर्त की ओर ले जाते हैं नशे से व्यक्ति के सामाजिक, मानसिक एवं आर्थिक प्रगति प्रभावित होती है, ऐसे में जन अभियान परिषद को नशा मुक्ति के लिए भी व्यापक स्तर पर कार्य करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि श्रीमति आभा जितेंद्र राहंगडाले ने ग्रामोदय से अभ्युदय के संकल्प को विस्तार से समझाते हुए कहा कि संकल्प से समाधान शासन की योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों के फॉर्म भरवाकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाना अत्यंत आवश्यक है।

### जिला कांग्रेस ने पालिका के खिलाफ दिया धरना

**सिवनी नवभारत।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश् मरावी के निर्देशानुसार नगर कांग्रेस कमेटी एवं कांग्रेस पार्षद दल द्वारा सिवनी नगरीय क्षेत्र में बीते दिनों 19 जनवरी को नगर के विभिन्न वार्डो में लगभग 27 लोगो को आवारा कुत्तो के द्वारा काटने की शिकायत को लेकर मुख्य नगरपालिका अधिकारी एवं जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया है कि नगर में आवारा कुत्तो को लेकर दहशत का माहौल है, पूर्व में भी इस तरह की अनेक घटना हो चुकी है जिसके चलते नगरीय क्षेत्र के लोगो को कुत्तो ने अपना शिकार बनाया है मुख्य नगरपालिका अधिकारी से आवारा कुत्तो के निपटारे के लिए अनेको बार निवेदन किया गया किन्तु शहरी क्षेत्र के नागरिको की आवारा कुत्तो से सुरक्षा के कोई भी सकारात्मक कदम नही उठाये गये जिस कारण शहर में घूम रहे आवारा कुत्तो द्वारा काटने से लोग पीडित हो रहें है पीड़ितो का समुचित इलाज भी नगरपालिका प्रशासन की ओर से ही किया जाने के संबंध में जिला प्रशासन एवं नगरपालिका प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर की गई मांग पूरी की जाए।



**सार्वजनिक सूचना**
**(नाम संशोधन / पासपोर्ट नवीनीकरण संबंधी)**
सर्वसाधारण एवं संबंधित समस्त प्राधिकरणों को सूचित किया जाता है कि आवेदक का पासपोर्ट नवीनीकरण प्रस्तावित है, जिसके लिए दिनांक 23 जनवरी को भोपाल में अपॉइंटमेंट नियत है।
आवेदक के पूर्व में निर्गत पासपोर्ट में नाम "असलम खान" अंकित है, जबकि वर्तमान में आवेदक के आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य वैधानिक दस्तावेजों में नाम "असलम खां" दर्ज है। उक्त अंतर केवल वर्तनी (स्पेलिंग) का है तथा दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।
अत: यह सार्वजनिक सूचना इस आशय से प्रकाशित की जा रही है कि भविष्य में पासपोर्ट नवीनीकरण सहित समस्त शासकीय, अर्धशासकीय, न्यायिक एवं वैधानिक अभिलेखों में आवेदक का सही, वैध एवं मान्य नाम "असलम खां", पिता का नाम छोटे खां, निवासी अम्बेडकर स्कूल के पीछे, भगतसिंह वार्ड, सिवनी, वार्ड क्रमांक-23, जिला सिवनी, मध्यप्रदेश, पिन कोड-480661 ही माना जाए।
यह सूचना किसी भी प्रकार की आपत्ति, विवाद अथवा भ्रम से बचने हेतु सद्भावपूर्वक प्रकाशित कराई जा रही है।
स्थान :- सिवनी
दिनांक :- 20/01/2026
आवेदक
असलम खां